CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 107 रायपुर, सोमवार 12 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## हाईवे से टकराकर ट्रेलर में घुसी माजदा 14 लोगों की मौत, सड़क पर बिखरी लाशें





**खरोरा,** 12 मई (हाईवे चैनल)। सारागांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने माजदा वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इससे पहले माजदा की टक्कर हाईवा से हुई थी, जिसके बाद वह ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि माजदा वाहन में सवार लोगों में से कई की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में एक साल से कम उम्र के बच्चे की भी मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार हादसे के समय माजदा वाहन में 50 से अधिक लोग सवार थे, जो एक पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। कई लोग वाहन में फंसे रह गए, जिन्हें ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया।

### सड़क पर दिखा दर्दनाक मंजर

हादसे की भयावहता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि सड़क में लाशें बिखरीं पड़ी थीं। शरीर के अंग उड़कर इधर-उधर बिखरे थे। चारों की ओर चीख-पुकार का आलम था। सड़क पर दर्दनाक मंजर था। देर रात का हादसा होने के कारण लोगों की सूचना के बाद पुलिस, एंबुलेंस पहुंचीं। घायलों को घायलों को तत्काल खरोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और रायपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### छट्ठी कार्यक्रम से लौट रहे थे
### खरोरा के पास देर रात हुआ हादसा

### पुलिस के आला अफसर पहुंचे

हादसे की जानकारी मिलते ही देर को ही स्थानीय के साथ जिला मुख्यालय से आला अफसर भी घटनास्थल पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। अधीनस्थों को व्यवस्था बनाने कहा। साथ बचे हुए लोगों को घर, घायल को अस्पताल व शवों को मरच्युरी भिजवाने का निर्देश दिया।

ग्राम चटौद, थाना विधानसभा के पुनीत साहू की पुत्री के बच्चे होने के कार्यक्रम में पुनीत साहू के रिश्तेदार स्वराज माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04, एमक्यू 1259 में सम्मिलित होने के लिए थाना खरोरा के ग्राम बाना बनारसी के नीलकंठ साहू के घर गए हुए थे। कार्यक्रम पश्चात वापस आ रहे थे, तभी रायपुर-बलौदबाज़ार रोड के सारागांव के समीप एक ट्रेलर गाड़ी क्रमांक जेएच-05, डीपी 7584 के साथ एक्सीडेंट हो जाने से माजदा वाहन में सवार 14 लोगों की मौत हो गई। घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरोरा और मेडिकल कॉलेज रायपुर भेजा गया है।

### सड़क खून से लाल, रूह कंपाने वाला मंजर था

हादसे में घायल के परिजन शत्रुघन साहू ने बताया कि हम माजदा के आगे कार पर जा रहे थे। माजदा में सड़क दुर्घटना हुई उस गाड़ी में 35 से ज्यादा लोग सवार थे जिसमें 4 पुरुष बाकी महिलाएं और बच्चे थे। बंगोली गांव के आसपास लोहे का सामान लदा एक ट्रेलर जा रहा था। माजदा की उसी से टक्कर हुई, क्योंकि कुछ उसमें पीछे की ओर लोहे का लंबा सा भाग बाहर निकला हुआ था। इस टक्कर के बाद माजदा को पीछे से आ रहे दूसरे हाइवा वाहन ने भी टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे ने हमारा सबकुछ छीन लिया। कुछ सड़क खून से लाल हो गई। मौके का नजारा इतना दर्दनाक था कि मेरी तो रूह कांप रही है। कुछ लोगों के कई अंग 10 मीटर तक दूर जा गिरे।

### मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख और घायलों को 50 हजार देने किया ऐलान

खरोरा इलाके में बीती रात दिल दहला देने वाला भीषण सड़क हादसा हुआ. छट्टी कार्यक्रम से लौट रहे ग्रामीणों से भरी माजदा दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई. हादसे में 13 लोगों की मौत हुई, जबकि 14 लोग घायल हो गए. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हादसे में मारे गए ग्रामीणों के प्रति शोक व्यक्त किया है और घायलों के इलाज के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं. उन्होंने मृतकों के परिजनों को दु:ख की घड़ी में आर्थिक सहायता के लिए 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, खरोरा में हुए भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की मृत्यु और 14 लोगों घायल होने की खबर अत्यंत दु:खद है. घायलों के समुचित इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है. संकट की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है. राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए एवं घायलों को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की है. ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के यथाशीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं.

## नक्सलियों ने कांग्रेस कार्यकर्ता को धारदार हथियार से उतारा मौत के घाट

**बीजापुर,** 12 मई (हाईवे चैनल)। नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने दहशत का खेल खेला है. उसूर थाना क्षेत्र के लिंगापुर गांव में माओवादियों ने कांग्रेस कार्यकर्ता नागा भंडारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी. इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है. मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने इस खूनी वारदात को रविवार देर रात अंजाम दिया. कांग्रेस कार्यकर्ता नागा भंडारी की हत्या घर से कुछ ही दूरी पर धारदार हथियार से निर्ममता से कर दी गई. इस वारदात के बाद इलाके के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. बीते 24 अक्टूबर 2024 में मृतक नागा के बड़े भाई तिरुपति भंडारी को ग्राम उसूर के पास दिनदहाड़े नक्सलियों ने मौत के घाट उतारा था. नक्सलियों द्वारा नागा भंडारी की हत्या किए जानें की फिलहाल पुलिस ने पुष्टि नही की है. घटना स्थल पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।



## शेयर बाजार में जोरदार उछाल

**नई दिल्ली,** 12 मई (न्यूज चैनल)। सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली, जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर सकारात्मक संकेत मिले। दोनों देशों द्वारा फिलहाल हालात को काबू में रखने और टकराव टालने पर सहमति बनने की खबर ने निवेशकों में भरोसा लौटाया, जिसका असर बाजार पर साफ दिखा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 1,915.43 अंकों की छलांग लगाकर 81,369.90 पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स 572.80 अंक चढ़कर 24,580.20 पर ट्रेड करता देखा गया। यह तेजी सुबह 9.30 बजे तक के शुरुआती कारोबार में दर्ज की गई,

## ब्रेकिंग न्यूज

### कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया



**नई दिल्ली,** 12 मई (न्यूज चैनल)। भारतीय क्रिकेट को एक हफ्ते के अंदर दो बड़े झटके लगे हैं। रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से मीडिया में यह बात चल रही थी कि कोहली ने बीसीसीआई को अपने संन्यास के बारे में जानकारी दे दी है, लेकिन बीसीसीआई ने आगामी इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को देखते हुए उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। हालांकि, कोहली ने टेस्ट से संन्यास लेने का ही फैसला किया। भारत के लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि बुधवार (सात मई) को नियमित कप्तान रोहित ने भी टेस्ट से संन्यास ले लिया था। एक हफ्ते के अंदर दो दिग्गज खिलाड़ियों के संन्यास से फैंस सदम में हैं। इसी के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक अध्याय का अंत हो गया। भारत को इंग्लैंड का दौरा अगले महीने करना है। इस दौरान टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी।

### उत्तरी भारत के 32 हवाई अड्डों पर फिर से शुरू हुई सेवाएं

**नई दिल्ली,** 12 मई (न्यूज चैनल)। उत्तर भारत के 32 प्रमुख हवाई अड्डों से वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन शुरू कर दिया गया है। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने आज सुबह घोषणा की कि यात्रियों को 32 हवाई अड्डों को 15 मई 2025 की सुबह 5.29 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रखने की अधिसूचना जारी की गई थी लेकिन अब यह सभी हवाई अड्डे तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान सेवाओं के लिए उपलब्ध हैं।




चूहा- सुनती हो, पाकिस्तान झूठी जीत का जश्न मना रहा है..!
चुहिया- हां जी, दुःख भुलाने का यह भी एक तरीका है।

## 19 दिनों में एलओसी पर पहली बार बीती शांतिपूर्ण रात, नहीं हुई गोलाबारी और फायरिंग

**नई दिल्ली,** 12 मई (न्यूज चैनल)। भारत पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम का असर एक दिन बाद 11 मई को देखने को मिला है। बता दें कि, सीमा पर पिछले 19 दिनों से तनाव अपने चरम पर था, जो 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले और सात मई को भारत के %ऑपरेशन सिंदूर% के बाद से जारी था। इसे लेकर भारतीय सेना ने बयान भी जारी किया है, सेना ने कहा कि शनिवार शाम को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बनने के बाद, रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात जम्मू-कश्मीर और नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे अन्य इलाकों में काफी हद तक शांति रही। इस दौरान गोलाबारी और फायरिंग की कोई घटना नहीं हुई, जो 19 दिनों में पहली शांतिपूर्ण रात रही।

भारत-पाकिस्तान सीमा पर 11 मई की रात एक महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आई, जिसने पहलगाम हमले के बाद संघर्ष विराम उल्लंघन में पहली बार पूरी तरह से शांति स्थापित की। 23 अप्रैल से 6 मई तक नियंत्रण रेखा से लगे कई सेक्टरों में छोटे हथियारों से गोलीबारी की घटनाएं सामने आईं, जो 7 से 11 मई के बीच भारी गोलाबारी और हवाई हमलों तक बढ़ गईं थी। पुंछ के सुरनकोट में सामान्य स्थिति हो गई है, यह एक सीमावर्ती इलाका है जो हाल ही में भारी गोलाबारी और संघर्ष विराम के उल्लंघनों की मार झेलने के बाद काफी हद तक नुकसान पहुंचा था।

बता दें कि, सिर्फ दो दिन पहले, सुरनकोट में भारी गोलाबारी हुई, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। हमले के बाद, निवासी शहर छोड़कर भाग गए, कुछ ने पास के पहाड़ी गांवों और बंकरों में शरण ली, जबकि अन्य जम्मू के सुरक्षित इलाकों में चले गए। अब स्थिति में सुधार होने के साथ, लोग जल्द ही पुंछ में अपने घरों को लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं श्रीनगर, पठानकोट, राजौरी, अखनूर, जम्मू, कुलगाम, श्री गंगानगर और बडगाम से कई तस्वीरें सामने आई हैं जो बताते हैं कि स्थिति सामान्य है।

### पीएम मोदी की अहम बैठक, रक्षा मंत्री, एनएसए डोभाल, सीडीएस और तीनों सेना के प्रमुख मौजूद

नई दिल्ली, 12 मई (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान और सेना, वायुसेना और नौसेना प्रमुखों के साथ की जा रही उच्च स्तरीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए हैं। यह बैठक संघर्ष विराम पर भारत-पाकिस्तान डीजीएमओ स्तर की वार्ता से ठीक एक घंटे पहले हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आवास पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीए अनिल चौहान और सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों के साथ अहम बैठक कर रहे हैं। संघर्ष विराम के भविष्य पर फैसला करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ वार्ता दोपहर में होगी।

## भूपेश बघेल ने ट्रंप की मध्यस्थता से लेकर पहलगाम हमले पर सरकार से किया तीखा सवाल



**नई दिल्ली,** 12 मई (न्यूज चैनल)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होते ही एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है. कांग्रेस अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ के सीजफायर के एलान से लेकर पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को लेकर सरकार से सवाल कर रही है. कांग्रेस की ओर से अबकी बार मोर्चा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने संभाला है.

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नई दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है. जब भी संकट आया कांग्रेस ने राजनीति की बजाय देशहित को आगे रखा. 1971 में अमेरिका के दबाव के बावजूद इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े किए. उन्होंने कहा कि आतंकवाद से लड़ाई में राजनीति नहीं राष्ट्रवाद चाहिए. दुश्मन के सामने कमजोरी नहीं ताकत दिखाएं. सरकार बताए कि क्या अमेरिका के दबाव में हममें अपनी नीति बदल दी? कांग्रेस ने अपने तमाम कार्यक्रम रद्द किए. संकट के समय जब पूरा देश एकजुट था तब सोशल मीडिया पर बीजेपी नेता राजनीतिक बयानबाजी कर रहे थे. कांग्रेस नेता ने कहा, कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है, लेकिन हम पारदर्शिता की मांग करते हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से सीज फायर का ऐलान क्या कूटनीतिक नाकामी नहीं है? क्या हमनें तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार कर ली? क्या शिमला समझौता रद्द हो गया? हम आतंक के खिलाफ लड़ रहे थे, बीच में कश्मीर का मुद्दा आ गया! संसद का विशेष सत्र बुलाकर बताया जाए कि संघर्ष विराम की शर्तें क्या हैं? सर्वदलीय बैठक बुलाकर शंकाओं का समाधान किया जाए.

### संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 महिलाओं समेत 3 की मौत



**कोंडागांव,** 12 मई (हाईवे चैनल)। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर रविवार शाम एक दिल दहलाने वाला सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि बाइक ट्रक के नीचे फंस गई और तीनों सवारों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

हादसा दहीकोगा और पानपदरडेग के बीच शाम करीब 4 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार, कोंडागांव से जगदलपुर की ओर जा रही ट्रक ने सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 19 बीपी 5640 को टक्कर मारी। टक्कर की तीव्रता से बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई और तीनों सवार सड़क पर गिरकर ट्रक के नीचे कुचल गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचा।

पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया है। ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है और वाहन को जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में ट्रक की तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है।

## अयोध्या के राम मंदिर परिसर में 14 देवालयों पर 5 जून को होगी प्राण प्रतिष्ठा



**नई दिल्ली,** 12 मई (न्यूज चैनल)। पांच जून, दिन गुरुवार, पर्व गंगा दशहरा... यह तारीख अब केवल पंचांग में नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृत के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगी। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर एक नहीं, पूरे 14 देवालयों में एक साथ प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा। यह आयोजन केवल मूर्तियों को जीवंत करने का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की आत्मा को पुन: धर्ममय करने का होगा। प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में सबसे पहले शिवलिंग की प्रतिष्ठा होगी। राम जन्मभूमि परिसर में श्रीराम के साथ शिव भी पूजित-प्रतिष्ठित होंगे।

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर रामनगरी एक बार फिर आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना की अद्वितीय गवाह बनेगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की रूपरेखा बन रही है। तीन से पांच जून यह उत्सव होगा। हालांकि पूजन का क्रम 30 मई से ही शुरू हो जाएगा। काशी व अयोध्या के 101 आचार्य प्राण प्रतिष्ठा कराएंगे। 30 मई को ही परकोटा के शिव मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शिव वास जरूरी होता है। 30 मई को शिव वास रहेगा, जिसके चलते इसी दिन शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कर ली जाएगी। इसके बाद 13 विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा गंगा दशहरा पर होगी। सात दिवसीय अनुष्ठान के क्रम में पंचांग पूजन, वेदी पूजन, यज्ञ मंडप पूजन, अग्नि स्थापना, जल यात्रा होगी। यज्ञ मंडपम पूजन से अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। इसके बाद जलाधिवास, औषधिवास सहित अन्य अधिवास होंगे। इस दौरान वैदिक आचार्य विभिन्न मंत्रों का जप, वाल्मीकि रामायण का पाठ, चारों वेदों का पाठ, रामचरित मानस का पारायण सहित अन्य अनुष्ठान करते रहेंगे। मंदिरों में देव विग्रह की स्थापना के लिए संगमरमर के पत्थर के दो फीट ऊंचे सिंहासन भी बनाए गए हैं। इसी सिंहासन पर देव विग्रहों को प्रतिष्ठित किया जाएगा। इन मंदिरों में होगी प्राण प्रतिष्ठा-परकोटा के छह मंदिर- भगवान शिव, सूर्य, गणपति, हनुमान, माता भगवती, माता अन्नपूर्णा, सप्त मंडपम के सात मंदिर- महर्षि वशिष्ठ, वाल्मीकि, अगस्त्य, विश्वामित्र, अहिल्या, शबरी, निषादराज, शेषावतार मंदिर में लक्ष्मण की मूर्ति शामिल है।

### 101 आचार्य कराएंगे ये अनुष्ठान

CMYK